रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-01052021-226807
CG-DL-E-01052021-226807

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1593] नई दिल्ली, शुक्रवार, अप्रैल 30, 2021/ वैशाख 10, 1943
No. 1593] NEW DELHI, FRIDAY, APRIL 30, 2021/ VAISAKHA 10, 1943

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 8 अप्रैल, 2021

का.आ. 1717(अ).—प्रारुप अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 4008 (अ), तारीख 4 नवम्बर, 2019, द्वारा प्रकाशित की गई थी जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनकी उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 6 नवम्बर, 2019, को उपलब्ध करा दी गई थी;

और, पूर्वोक्त प्रारुप अधिसूचना के प्रत्युतर में व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा विचार किया गया था;

और, बस्सी वन्यजीव अभयारण्य 138.69 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला हुआ है और राजस्थान राज्य में चित्तौड़गढ़ जिले के चित्तौड़गढ़ और बैगून तहसील में स्थित है;

और, अधिसूचना में उल्लिखित है कि बस्सी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा अधिसूचना में राजस्व क्षेत्र अभयारण्य का भाग नहीं है। ओराई नदी को पार करके जो कि इस अभयारण्य से ओराई और बस्सी बांधों को निर्मित किया गया है। यह बांध जंगली पशुओं और पक्षियों के लिए अच्छी जल सुविधा प्रदान करता है। यह जंगली पशुओं और पक्षियों के लिए के विभिन्न प्रकार के वास के साथ समृद्ध जैव-विविधता का वास है। इस क्षेत्र में औषधीय पौधे और जड़ी-बूटियां की विविधता पाई जाती है। धार्मिक स्थल जैसे झरिया महादेव, तूकरा माता और झालेश्ववर महादेव तीर्थयात्रियों की बृहत् संख्या को आकर्षित करता है;

और, अभयारण्य की मुख्य वृक्ष प्रजातियां अकैशिया कटेचु (खैर), अकैशिया लेउकोफोलिया (रोंझ), अकैशिया निलोटीका (देसी बावलिया), अकैशिया सेनेगाल (कुमता), अदीना कोर्डिफोलिया (हलदु), एलेग मार्मेलोस (बिलि), ऐलैंथस एक्सेलसा (अरदुसा, पाबा), अलेगियम सलविफोलियम (अनकोल), अलबिजिया लेब्बेक (ब्लैक सिरिस), अलबिजिया ओडोरातिस्सिमा (सफेद सिरिस), अल्बिजिया प्रोसेरा (सफेद सिरिस), अन्नोना सेक्यूमोसा (सिताफल), अनोगेस्सूस पेंदुला (धोकडा), अनोगेस्सूस लतीफोलिया (धावदा), अनोगेस्सूस सेरिकिया (अदरूका, इंदूक), अनोगेस्सूस अकुमिनाआ (धोक), अजादीराटा इंडिका (नीम), बलानिटेस ऐगयपतिका (हींगोट), बउहेनिया रेकेमोसा (झींझा, हीतरी), बोम्बक्स केइबा (सेमल), बोसवेल्लीया सेर्राटा (सलार), ब्यूटिया मोनोस्पर्मा (खाखरो), कैशिया फिस्तुला (करमेला), कैशिया सैमेया (कसिद), कोरदीया मिक्सा (गुंदा, लिसोदा), करेटवा रेलिगिओसा (वरना), डालबेरगिया सिस्सू (सिस्सू), दीओस्पयरोस मेलानोक्यलोन (तिमरू), इहरेतिया लेविस (ताम्बोलिया), इम्बलिका ओफ्फिकिनालिस (अमला), एरीथ्रिना सुबेरोसा (धेड खाखरो), यूकेलिप्टस स्पा. (निलगिरी), फिकुस बेंघालेंसिस (वाद), फिकुस रेकेमोसा (उमारा), फिकुस रेलिगिओसा (पिपलो), फलाकोउरतिया मोंटाना (कांकां), गरदेनिया रेसिनिफेरा (दीकामारी), ग्रेविया हीरसुता (खाड धामन), ग्रेविया तेनाक्स (गंगेटी), ग्रेया टिलियाफोलिया (धामन), ग्रेया विलोसा (गैंगेटी), होलोपेलिया इंटिफ़ोलिया (कांजी), हिमेनोडिक्टोन एक्सेलस (कुनिओ), लान्नेया कोरोमेंदेलिका (गोदला), लेकेइना लेउकोकेफला (सुबाबुल), लिमोनिया अकेदीस्सिमा (कोतबाडि), मधुका इंडिका (महुदो), मांगिफेरा इंडिका (अम्बा), मेलिया एजेडेरच (बेकैन नीम), मित्राग्याना परविफ्लोरा (कलम), मोरिंगा ओलीफेरा (सहजाना), पिथेकेल्लोबिउम दुलका (किकर),पोंगामिया पिन्नाटा(करंज), प्रोसोपिस किनेर्राया (खिजदो),प्रोरोसोपस जुलिफलोरा (विलायती), सोयमिदा फबरीफुगा (रोयान), स्टेरकुलिया उरेंस (कदया), टमरिंदुस इंडिका (खतरी अमली), टेकोमेलिया उंदुलाटा (रोहीदा), वरिघटिया टिंकटोरिया (दुधी), वरीघटिया टोमेंटोसा (दुधी), ज़िज़िफस मउरीटिना (बोरदी), ज़िज़िफस क्यलोफयरूस (घाट बोर), आदि हैं;

और, अभयारण्य से झाड़ियां अबेल्मोस्चुस मानिहोट (जंगली भिन्डी), एचीरान्थुस एस्पेरा (उलटा कांटा), एलो वेरा (पाथा), ब्रैसिका निग्रा (काली राई), कैनबिस सैतिवा (भांग), कैसिया अबरूस (चिमोड), कैसिया तोरा (पुवाड), चेनोपोडिप्पे एल्बम (चिल), क्रोटोलारिया जुन्केया (सनिया), क्रोटोलारिया मेडिसिनिया (रान मेथी), डेसमोडियम डाइकोटोमम (शाल परनी), इकलिप्टा अल्बा (भांगारो), इवोल्वुलस अलोसिनोइड्स (कालीशंखावली), लेउकास एस्पेरा (कुबी), लेउकेस केफलोटेस (कुबो जुंगली), लेउकस जेयलानिका(कुबो), लिनडेंबेरिगिया इंडिका (पाथारचाटीi), ओकिमुन कनुम (जंगली तुलसी), फयल्लांथुस निरूरी (भोय अमली), फयसालिस मिनिमा (पोपाटिया), पोरतुलाकेया ओलाराकेया (मोटी लुनी), प्रोरतुलाकेया क्यदरीफिदा (जिनी लुनी), सैस्मुम इंडिकम (ताल), सोलानुम सुर्राट्टिंसे (बोइ रिंगनी), तरीबुलुस टेर्रेस्टरीस (गोखरू), त्रिदेक्स प्रोकुम्बेस (काली मेंधी), उरगिनिया इंडिका (जंगली पियाज), वेरनोनिया अनथिहेलमिनटिका (काली जिरी), क्रथियम स्टेरूमारीयम (गोखारू), जोरनिया डिफायल्ला (समार अनी), आदि अभिलिखित की गई हैं;

और, अभयारण्य में मुख्य झाड़ियां अधाटोडा वेसिका (अरदुसा), कलोटरोफिस गिगंटीया (अकडो), केलोटरोपिस प्रोकेरा (अकदो), कप्पेरिस देकदुया (केर), केप्परिस सेपिरिया (कंथेर), क्लेरोडेंड्रॉन फ्लोमीडीस (अरानी), डेंड्रोकोलामस स्ट्रस (बैनस), डेंड्रोपथो फुलकुटा (वाही-हंकल), डिक्रोस्टैचिस किनेरिया (गोया खैर), इयफोर्बिआ कडुईफोलिया (थोर), इयफोरबिया निवुलिया (थोर), हेलिकटेरेस इसोरा (मरोड फाली), होलार्हेना एंटीडीसेंटरीका (कडवा), जतरोफा कर्कस (रतन ज्योत), जतरोफा गोस्सयपिफोलिया (छोटि रतन ज्योत), किरगानेलिया रेटिकुलाटा (कम्बोइ), लेप्टादेनिया पयरोटेचनिका (खिंप), मिमोसा हमेटा (अइला), निक्टेंथस अरबोर-ट्रिस्टिस (तमात), प्लुम्बेगो जेयलानिका (चित्राक), रिकिनुस कोम्मुनिस (अरूंदो), सेकुरिनेगा लेयकूप्यरूस (सेनवि), थेस्पेसिया लेम्पास (परास पिपल), विटेक्स निगुंदो (नगोड), वोगेलिया इंडिका (चितवाल), वूडफॉर्डिया फ्रुटीकोसा (धावदी), ज़िज़िफस गलाबेराटा (बोरदी), ज़िज़िफस नुम्मुलारिया (चनिबोर), आदि उपलब्ध हैं;

और, बस्सी वन्यजीव अभयारण्य से मुख्य पर्वतारोही पौधे अबरूस प्रेकटोरीउस (राट्टी), अम्पेलोकिस्सूस लतीफोलिया (खाटा लिम्बु), ऐस्पैरागस रकेमोसुस (सतवारी), केरदीओस्पेरमुम हलीककबुम (कक मरदीका), केलसट्रस पानिकुलता (माली), किस्साम्पेलोस पेरेइरा (पहोद बेल), कोकिनिया इंडिका (टिन्डोरी), कोक्कुलुस हिर्सुटुस (वेवडी), कस्कूटा रिफ़्लेक्सा (अमरबेल), डायोस्कोरिया बुलबिफेरा (वाराही कंड), हेमिदेस्मुस इंडिकुस (दुधवेल), लपोमोइया निल (कालादाना), लुफ्फिया अकुटांगुला (तुरिया), लुफ्फा इचीनता (काकड़वेल), मुकुना परूरीइनस (कवच), पेउरारिया तबेरोसा (गेजवी), रायनचोसिस ब्रेकटेअटा (कमल वेल), आदि अभिलिखित है;

और, बस्सी वन्यजीव अभयारण्य में मुख्य जीवजंतु बनैला सूअर (सस स्क्रोफ़ा), ग्रे मुसक सेराव (सुंचुस मुरीनुस), चमगादड़ (कयनोप्टेरस स्फिंक्स), फ्लाइंग लोमड़ी (पटेरोपुस गीगेंटिक्स), तेंदुआ (पेन्थेरा प्रड्यूस), सामान्य लंगूर (प्रेबयतीस इन्तेल्लुस), चित्तीदार लकड़बग्घा (हैना हैना), बनबिलार (फेलिस चाउस), फाइव स्टीपेड पाम गिलहरी (फुनाम्बुलुस पेन्नांटी), भारतीय साल (मानिस क्रैसिकाउडाटा), भारतीय लोमड़ी (वुल्प्स बेंगलेंसिस), सामान्य नेवला

(हेरपेस्टेस इडवारडसी), रूड्डी नेवला (एच. स्मिथी), हाउस रेट (रट्टुस रट्टुस), ब्लू बुल (बोसेलाफुस ट्रागोकेमेलुस), भारतीय खरगोश (लेपुस निगरीकोल्लीस), भारतीय साही (हिस्ट्रीक्स इंडिका), चिन्कारा (गजेल्ला गजेल्ला), सियार (कैनिस ऑरियस), भारतीय छोटा सिविट (विवारीकुला इंडिका), भारतीय बुल्ल मेंढ़क (राना टिगरिना), भारतीय बुरोइंग मेंढ़क (आर.टोमोप्टेरना), स्किप्पर मेंढ़क (आर.कयनोफ्लीक्टिउस), क्रिकेट मेंढ़क (आर.लिम्नोचारिस), भारतीय बलून मेंढ़क (उपरोदोन स्यस्टोमा), सामान्य टोड (बुफो मेलानोकटीकटुस), मार्ब्लेड टोड (बी.अनदेर्सोनी), सामान्य स्किंक (माबुया क्रेनाटा), चेकेरेड कैलबैक (नाटरीक्स पिस्कटोर), रेट सांप (पतयास मुकोसुस), हाउस लिजार्ड (हेमिदाकटयलुस फलाविविरीदीस), स्टेर्रेड कछुआ (गेआचालोने इलेगांस), ग्रार्डन लिजार्ड(कलोटेस वेरसिकोलोर), सामान्य भारतीय करैत (बुंगारूस कैरूलेनस), रूस्सेल नाग (विपर रूस्सेल्ली), भारतीय चामैलेओन (चामैलेओन ज़ेलानिक्स), कटला (कटला कटला), रोहु (लाबेओ रोलिटा), गरीगल (किर्राहीना मरिगल), पुट्टही (पुन्तिउस साराना), सारसी (लेबेओग्रानीउस), लंची (वाल्लगो अट्टु), सिंघारा (मयस्टस सैंघाटी), कटेर (मयस्टस कवास्सिउस), सेंवाल (चान्ना मनिलिउस), सिंगही (हेटेरोपंतुस्टिस फॉस्सिलिस), बाम (एम. अरमातुस), सुइया (बेल्लाना कॉसिला), बाता (लाबेओ बाता), दुधिया (लेबेओ बुग्गेट), आदि पाए जाते है;

और, बस्सी वन्यजीव अभयारण्य से पक्षी प्रजातियां पेंटेड फरांकोलिन (फरांकोलिन पिकटस), ग्रे फ्रैंकोलिन (एफ.पोंदीकेरीअनुस), सामान्य बटेर (कोतुरनिक्स ओतुरनिक्स), बार्रेड बटन बटेर (टी. सुस्कितटोर), भारतीय मोर (पावो क्रीस्तुस), रूड शेल्डक (टोडोराना फेरुगिनेया), गडवाल(अनास स्ट्रेपा), यूरेशियन विजेओन (ए.पेनेलोपा), स्पॉट-बिल्ड डक (ए. पोइकिलोयहयंचा), सामान्य पोचार्ड (आयथा फरिना), सामान्य टैल (ए.क्रेक्का), येलो-क्रोनेड वुडपेकर (डेंड्रोकोपोस महराट्टेन्सिस), ब्लैक रोम्पड फ्लामेबाक(डिनोपियम बेंघालेंसिस), कोप्पेरस्मिथ बारबेट (एम. हैमकेफला), भारतीय ग्रे हार्नबिल्ल (ओकयकेरोस बिरोस्तरीस), सामान्य हुपु (उपुपा इपोप्स), इररोपैन रोल्लेर (कोरोकिस बेंघालेंसिस), भारतीय रोल्लेर (सी. बेंघालेंसिस), सामान्य किंगफिशर (उपुपा इपोप्स), वाइट-थ्रोटेड किंगफिशर (हेलसीयन स्माइनेसिस), विचित्र किंगफिशर (केरयले रूडिस), ग्रीन बी-ईटर (मेरोप्स ओरिइंटलिस), रोज-रिंगेड पाराकैत (पी.करामेरी पलुम-हेडेड पाराकीट (पी. कीनोसिलाला), हाउस स्वीफ्ट (अपुस अफ्फिनिस), यूरेशियन ईगल उल्लू (बुबो बुबो), स्पोट्टेड उल्लू (अथेने बरामा),भारतीय निघतजार (कप्रिमुल्गुस एशियाटिकस), कावान्ना नाइटजर (सी.अफ्फिनिस), रॉक कबूतर (कोलुम्बा लिविया), येलो-फ्रूटेड ग्रीन पिजन (तरेओन फोइनिकोप्टेरा), लउघींग कबूतर (स्टेरेप्टोपेलिया सेनेगालेंसिस), स्पोट्टेड कबूतर (एस.चिनेंसिस), यूरोपियन कोल्लारेड कबूतर (एस. डेकोओक्टो), सामान्य मोरेन (गल्लिनुला क्लोरोपस), सामान्य कूट (फुलिका अतरा), सामान्य रेडशांक (ट्रिंगा टेटनस), ग्रीन सैंडपाइपर (टी.ऑक्रोपस), वुड सैंडपाइपर(टी. ग्लेरोला), सामान्य सैंडपाइपर (एक्टाइटिस हाइपोलेक्योस), युरोपियन थिक-कनी (बुरहिनुस ओडिसीनेमस), छोटा-रिंग्ड प्लोवर (चराड्रियस डबियस), रेड-वॉटल्ड लैपविंग (वनेल्लुस इंडिकस), रिवर टर्न (स्टर्ना अर्टेटिया), ब्लैक-शोल्ड काइट (एलेनस केइरूलेउस), ब्लैक काइट (मिवुस मिगरांस), इजिप्टिअन गिद्ध (नेओफरोन पेरकनोपटेरूस), आदि अभिलिखित है;

और, बस्सी वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं पारिस्थितिकी पर्यावरणीय से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, जैव विविधिता की दृष्टि सुरक्षित और संरक्षित करना और उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गों के प्रचालन और प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इस अधिसूचना में इसके पश्चात पर्यावरण अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजस्थान राज्य में चित्तौड़गढ़ जिला के बस्सी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर शून्य से 3.0 किलोमीटर विस्तारित क्षेत्र को पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :-

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमा**.-(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार बस्सी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर शून्य से 3.0 किलोमीटर तक विस्तृत होगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल 106.91 वर्ग किलोमीटर है। स्थानों में पारिस्थितिकी संवेदी जोन का न्यूनतम विस्तार शून्य है जहां राष्ट्रीय राजमार्ग और पीडब्ल्यूडी सड़क पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा पर चिह्नित है।

दिशा	पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा बिंदु	दूरी
उत्तर	1 से 14	0 से 3 किलोमीटर
उत्तर-पूर्व	14 से 17	0.015 से 0.5 किलोमीटर
पूर्व	17 से 48	0 से 1.11 किलोमीटर
दक्षिण –पूर्व	48 से 58	0 से 3 किलोमीटर
दक्षिण	58 से 81	0.5 से 3 किलोमीटर
दक्षिण-पश्चिम	81 से 84	0.157 से 1.4 किलोमीटर
पश्चिम	84 से 89	0.015 से 0.325 किलोमीटर
उत्तर-पश्चिम	89 से 1	0.030 से 0.650 किलोमीटर

(2) बस्सी वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण उपाबंध-I के रूप में संलग्न है।

(3) सीमा विवरण और अक्षांशों और देशांतरों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के सीमांकन को दर्शाते हुए बस्सी वन्यजीव अभयारण्य के मानचित्र उपाबंध-IIक, उपाबंध-IIख और उपाबंध-IIग के रूप में संलग्न है।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन और बस्सी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची उपाबंध-III के सारणी क और सारणी ख में दी गई है।

(5) मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची उपाबंध-IV के रूप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना– (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और राज्य के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति से जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए गए हैं, के अनुसार तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरुप और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, उक्त योजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय बातों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार होगी.-

(i) पर्यावरण;
(ii) वन और वन्यजीव;
(iii) कृषि;
(iv) राजस्व;
(v) शहरी विकास;
(vi) पर्यटन;
(vii) ग्रामीण विकास;
(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;
(ix) नगरपालिका;
(x) पंचायती राज; और
(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में, जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी अनुकूल हों, का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग विशेषताओं के ब्यौरों से अनुसमर्थित मानचित्र के साथ सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बस्तियों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यंकन करेगी।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और सारणी में सूचीबद्ध पैरा-4 में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन करेगी और स्थानीय समुदायों की जीविका को सुरक्षित करने के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल विकास को सुनिश्चित और उसकी अभिवृद्धि भी करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना प्रादेशिक विकास योजना की सह विस्तारी होगी ।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कार्यों को करने के लिए मानीटरी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय**.- राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के प्रयोजनों के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक या आवासीय या औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, और इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग भी हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाएं सहायक पारिस्थितिकी पर्यटन जिसके अन्तर्गत गृह वास सम्मिलित है; और

(v) पैरा 4 के अधीन दिए गए संवर्धित क्रियाकलाप:

परंतु यह और कि प्रादेशिक नगर योजना अधिनियम और राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों या तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अधीन अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई गलती, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार ठीक होगी और उक्त गलती के सुधार की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह और भी कि गलती के सुधार में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा;

(ख) वनीकरण तथा वास जीर्णोद्धार क्रियाकलापों सहित अप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोतों.-** आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक झरनों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के बारे में जो ऐसे क्षेत्रों के लिए अहितकर हो ऐसी रीति से मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार किए जाएंगे।

(3) **पर्यटन या पारिस्थितिकी पर्यटन.-** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए होगा।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य पर्यटन विभाग द्वारा राज्य पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार की जाएगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित होंगे, अर्थात्:-

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटल और रिजॉर्ट के सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं होंगे:

परंतु, यह कि संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक होटलों और रिजॉर्ट का स्थापना केवल पूर्व परिभाषित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए ही अनुज्ञात होगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिकी–पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देते हुए (समय-समय पर यथा संशोधित) जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा और मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर किसी नये होटल या रिसोर्ट या वाणिज्यिक स्थापना का संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जायेगा ।

(4) नैसर्गिक विरासत.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में परिरक्षण और संरक्षण के लिए तैयार की जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, स्थापत्य, सौंदर्यपूरक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की और उपक्षेत्रों पहचान और उनके संरक्षण के लिए विरासत योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में तैयार की जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.-** पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण और निवारण का अनुपालन किया जाएगा।

(7) **वायु प्रदूषण.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण का वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सरण.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सरण, साधारण मानकों के उपबंधों के अनुसार पर्यावरण अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सरण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 के द्वारा प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा; अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन (ईएसएम) अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट.-** जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा.-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सां.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **ई–अपशिष्ट**.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय यातायात.-** यातायात की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय क्रियाकलापों के अनुपालन को मानीटरी करेगी।

(15) **यानीय प्रदूषण.-** लागू विधियों के अनुपालन में वाहन प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण किया जाएगा और स्वच्छक ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (i) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(ii) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी समय-समय पर यथा संशोधित मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:-

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों का संकेत होगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी;

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण अधिनियम के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों जिसके अन्तर्गत तटीय विनियमन जोन, 2011 और पर्यावरणीय समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 और अन्य लागू विधियों के जिसमें वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण)

अधिनियम, 1972 (1972 का 53) सम्मिलित हैं और किये गये संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात्:-

सारणी

क्रम सं. (1)	क्रियाकलाप (2)	वर्णन (3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होंगी; (ख) खनन प्रचालन, 1995 की रिट याचिका (सिविल) सं. 202 में टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश 4 अगस्त, 2006 और 2012 की रिट याचिका (सिविल) सं. 435 में गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में होगा।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि) उत्पन करने वाले उद्योगों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी: परन्तु यह कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी समय-समय पर यथा संशोधित मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हों, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्यागों को बढ़ावा दिया जाएगा।
3.	बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना।	प्रतिषिद्ध।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का उपयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण।	प्रतिषिद्ध।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या क्षेत्र भूमि में अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण।	प्रतिषिद्ध।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	प्रतिषिद्ध।

8.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग ।	प्रतिषिद्ध।
9.	नए काष्ठ आधारित उद्योग।	प्रतिषिद्ध।
10.	मछली पलना।	प्रतिषिद्ध।
	आ. विनियमित क्रियाकलाप	
11.	वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों लघु अस्थायी संरचनाओं के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और रिसोर्टों को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु यह कि संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के परे या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक इनमें से, जो भी निकट हो सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथा लागू मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरुप होगा।
12.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार के नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी: परंतु यह कि स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने उपयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार, संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी: परंतु यह कि गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे । (ख) एक किलोमीटर क्षेत्र से परे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
13.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार समय-समय पर यथा संशोधित गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकटमय में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
14.	वृक्षों की कटाई।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगे ।

15.	वन उत्पादों या गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
16.	विद्युत और संचार टावरों का परिनिर्माण और केबलों के बिछाए जाने और अन्य बुनियादी ढांचे ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे (भूमिगत केबल के बिछाए जाने को बढ़ावा दिया जा सकेगा)।
17.	नागरिक सुख सुविधाओं सहित अवसंरचनाएं ।	न्यूनीकरण उपायों को लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार किया जाना ।
18.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना तथा नवीन सड़कों का संनिर्माण ।	न्यूनीकरण उपायों को लागू विधियों, नियमों और विनियमनों तथा उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार किया जाएगा ।
19.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस, आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
20.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
21.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
22.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ दुग्धशाला, दुग्ध उद्योग, कृषि और मछली पालन ।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे ।
23.	फर्मों, निगम और कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुओं और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
24.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्तारण ।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुन:चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे। अन्यथा लागू विधियों के अनुसार उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण या प्रवाह के निर्वहन को विनियमित किया जाएगा।
25.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
26.	ठोस अपशिष्ट का प्रबन्धन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
27.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
28.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
29.	पोलिथीन बैगों का प्रयोग ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
30.	वाणिज्यिक सूचनापट्ट और होर्डिंग।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।

IndiaCode

इ. संवर्धित क्रियाकलाप		
31.	वर्षा जल संचयन।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
32.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
33.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को अंगीकृत करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
34.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
35.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का उपयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश, इत्यादि को बढ़ावा दिया जाएगा।
36.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
37.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
38.	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
39.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
40.	निम्नीकृत भूमि या वन या वास की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
41.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

IndiaCode

5. पारिस्थितिकी संवेदी जोन की अधिसूचना की मानीटरी के लिए मानीटरी समिति- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन इस अधिसूचना के उपबंधों की प्रभावी मानीटरी के लिए मानीटरी समिति का गठन करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्:-

(i)	जिला कलेक्टर, चित्तौड़गढ़	अध्यक्ष, पदेन;
(ii)	राजस्थान सरकार द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन के एक प्रतिनिधि को प्रत्येक मामले में एक वर्ष की अवधि के लिए नामांकित किया जाएगा	सदस्य;
(iii)	राजस्थान सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक वर्ष की अवधि के लिए पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ को नामांकित किया जाएगा	सदस्य;
(iv)	राज्य जैव विविधता बोर्ड से एक प्रतिनिधि	सदस्य;
(v)	लोक निर्माण विभाग का जिला स्तरीय अधिकारी	सदस्य;
(vi)	शहरी योजान विभाग का जिला स्तरीय अधिकारी	सदस्य;
(vii)	उद्योग विभाग का जिला स्तरीय अधिकारी	सदस्य;
(viii)	राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का क्षेत्रीय अधिकारी (आरओ)	सदस्य;
(ix)	अवैतनिक वन्यजीव वार्डन, चित्तौड़गढ़	सदस्य;
(x)	सहायक वन संरक्षक, बस्सी वन्यजीव अभयारण्य	सदस्य-सचिव।

6. **निर्देश–निबंधन.-** (1) निगरानी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटरी करेगी।

(2) मानीटरी समिति का कार्यकाल अगले आदेश होने तक किया जाएगा, परंतु यह कि समिति के गैर-सरकारी सदस्यों को समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(3) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533 (अ), तारीख 14 सितम्बर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित हैं, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके जो पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के, मानीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केंद्रींय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533 (अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित नहीं है, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथाविर्निष्ट प्रतिषिद्ध क्रिलाकलापों के मानीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उसे संबंद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(6) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक के अपने क्रियाकलापों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को उपाबंध-V में संलग्न प्रोफार्मा में उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निर्देश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

8. इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे।

[फा. सं. 25/21/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध- I

राजस्थान राज्य में बस्सी वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण


उत्तर	मेघपुरा चौराहा एन.एच 76 से परसोली ग्राम की डिस्पेंसरी तक है। इस बिंदु से पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा एन.एच. 76 के साथ पुन: पारिस्थितिकी संवेदी जोन बिंदु सं. 7 (अमरपुरा ग्रवेल सड़क से पहले एन.एच. 76 पर नाला पुल) तक है इसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा अमरपुरा ग्राम ग्रवेल सड़क के निकट नाला, चूना पत्थर खनन क्षेत्र का परसोली ग्राम फतेहपुर ग्राम सड़क तक है। के साथ दक्षिण भाग की ओर मुड़ती है। इसके बाद सीमा पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा के पारिस्थितिकी संवेदी जोन बिंदु सं. 9 (एन.एच. 76 पर फतेहपुर सड़क पुल) तक फतेहपुर ग्राम सड़क के साथ उत्तर भाग मुड़ती है। इस बिंदु से पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा एन.एच. 76 नाल चौराहा तक के साथ पुन: जाती है।

पूर्व	क्षेत्र बस्सी वन्यजीव अभयारण्य के नाल चौराहा से नाल-मूरोली-उमरकखल-गटाबव तीराहा है तक, अनोप्पुरा-फतेहपुरा-चरचा ग्राम की पश्चिम सीमा और मध्य प्रदेश सीमा के बीच सड़क है।
दक्षिण	मध्य प्रदेश राज्य का क्षेत्र 2 किलोमीटर की लंबाई में बस्सी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से आरंभ होकर राजस्थान के चरचा ग्राम कून्थाली का संपूर्ण क्षेत्र, मध्य प्रदेश के माताजी का खेड़ा और ग्वालियर कलां ग्रामों के देवदूंगरी ग्राम (राजस्थान) तक है।
पश्चिम	पुल सं. 8 तक विजयपुर—बस्सी सड़क के साथ बस्सी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से देवदूंगरी ग्राम के बीच का क्षेत्र, पुल सं. 8 से कैलजर तक पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा और बस्सी वन्यजीव अभयारण्य को अतिछादित किया गया है। विजयपुर- बस्सी के साथ कैलर ग्राम से पल्का तीराहा तक और बस्सी मेघपुरा लिंक सड़क के साथ पल्का तीराहा से मेघपुरा चौराहा तक।

IndiaCode


उपाबंध-IIक

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ बस्सी वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का गूगल मानचित्र




उपाबंध- IIख

भारतीय सर्वेक्षण (एस ओ आई) टोपोशीट पर मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ बस्सी वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध- IIग

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ बस्सी वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भूमि उपयोग पैटर्न को दर्शाने वाला मानचित्र



उपाबंध-III

सारणी क : बस्सी वन्यजीव अभयारण्य के मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

क्र.सं.	मुख्य बिंदुओं की पहचान	मुख्य बिंदु के अवस्थान / दिशा	अक्षांश (उ) (डीएमएस)			देशांतर (पू) (डीएमएस)		
1	बस्सी बांध के निकट	उत्तर-पूर्व	25	2	12.13	74	49	32.27
2			25	2	31.87	74	50	11.66
3	भेरूघाटी	पश्चिम-उत्तर	25	3	37.12	74	50	55.11
4			25	3	56.95	74	50	37.68
5			25	4	22.64	74	50	41.9
6	राजगढ़ ग्राम के निकट	पूर्व	25	5	2.8	74	50	55.54
7			25	4	59.99	74	51	5.57
8			25	4	19.05	74	51	0.53
9			25	4	17.44	74	51	8.42
10			25	3	15.75	74	51	21.03
11			25	3	4.04	74	51	33.48
12			25	3	11.4	74	51	42.91
13			25	3	9.11	74	51	55.94
14			25	3	7.12	74	51	54.63
15			25	2	56.77	74	52	13.82
16			25	3	4.31	74	52	19.23
17			25	3	2.19	74	52	37.08
18			25	2	56.44	74	52	43.44
19			25	2	59.84	74	52	51.37
20			25	3	2.15	74	53	15.33
21			25	3	32.44	74	54	14.5
22			25	3	54.7	74	53	58.26
23			25	3	46.62	74	53	42.67
24			25	3	41.35	74	53	45.77
25			25	3	27.96	74	52	50.15
26			25	4	35.94	74	51	36.2
27			25	5	54.95	74	51	45.81
28			25	6	37.17	74	52	31.39
29	नाका परसोली वन के निकट	उत्तर-पूर्व	25	6	26.88	74	52	45.26
30			25	5	37.53	74	52	23.95
31			25	5	5.93	74	52	29.36

IndiaCode

32	नाहरगढ़ पैलेस के निकट	दक्षिण	25	4	42.57	74	53	15.78
33			25	4	51.43	74	54	4.79
34			25	4	56.06	74	54	4.95
35			25	5	0.35	74	54	33.17
36			25	5	9.43	74	54	36.24
37			25	5	10.9	74	54	58.33
38			25	5	12.56	74	55	38.16
39			25	5	22.45	74	55	42.39
40			25	5	34.01	74	55	38.6
41			25	6	5.11	74	55	58.61
42			25	6	7.21	74	56	29.84
43	सोमानी रिजॉर्ट के निकट	पूर्व-दक्षिण	25	5	44.83	74	56	53.03
44			25	5	17.78	74	57	7.47
45			25	5	14.71	74	56	53.99
46			25	5	6.62	74	56	43.7
47			25	4	26.01	74	56	28.93
48			25	4	26.7	74	56	24.15
49			25	3	44.39	74	56	9.52
50			25	3	40.64	74	56	18.06
51			25	3	13.49	74	56	18
52			25	3	10.56	74	56	25.13
53			25	2	56.96	74	56	21.6
54			25	3	3.94	74	55	52.85
55			25	2	23.93	74	55	5.71
56			25	2	18.09	74	55	13.46
57			25	1	18.4	74	55	6.85
58			25	0	0.49	74	55	16.41
59			24	59	48.34	74	55	7.97
60			24	59	35.09	74	55	10.87
61			24	58	57.6	74	55	32.51
62			24	58	34.5	74	55	36.19
63			24	58	21.59	74	55	32.29
64			24	58	0.52	74	55	14.05
65			24	57	42.59	74	54	45.34
66	कदमाली तालाव के निकट	पूर्व	24	57	48.91	74	54	5.36
67			24	58	5.95	74	53	58.42

IndiaCode

68			24	58	25.09	74	53	42.12
69			24	58	36.18	74	53	51.93
70			24	59	0.53	74	53	23.98
71			24	58	58.95	74	53	13.35
72			24	57	54.44	74	53	9.87
73			24	57	42.69	74	52	58.44
74			24	57	1.47	74	53	19.48
75			24	56	43.75	74	53	20.37
76			24	56	19.42	74	53	30.62
77			24	56	8.76	74	53	38.09
78			24	56	13.89	74	53	53.68
79			24	56	23.82	74	54	0.72
80			24	56	26.76	74	54	39.75
81			24	55	20.25	74	54	59.06
82	मध्य प्रदेश सीमा		24	54	59.97	74	54	37.74
83	मध्य प्रदेश सीमा		24	55	4.61	74	55	27.05
84	मध्य प्रदेश सीमा		24	55	48.15	74	54	10.57
85	मध्य प्रदेश सीमा		24	55	46.44	74	53	28.81
86	मध्य प्रदेश सीमा		24	56	14.3	74	53	14.82
87	मध्य प्रदेश सीमा		24	56	14.07	74	52	48.76
88	मध्य प्रदेश सीमा		24	55	46.62	74	52	44.67
89	मध्य प्रदेश सीमा		24	55	28.75	74	52	9.37
90	मध्य प्रदेश सीमा		24	57	13.41	74	51	44.72
91	मध्य प्रदेश सीमा		24	57	20.43	74	51	33.84
92	मध्य प्रदेश सीमा		24	57	40.29	74	51	33.48
93	मध्य प्रदेश सीमा		24	57	49.45	74	51	30.53
94	मध्य प्रदेश सीमा		24	58	4.2	74	51	5.65
95	मध्य प्रदेश सीमा		24	58	0.03	74	50	55.63
96	मध्य प्रदेश सीमा		24	58	7.12	74	50	34.55
97	मध्य प्रदेश सीमा		24	57	35.7	74	50	0.4
98			24	58	52.29	74	50	1.43
99			24	59	4.59	74	50	6.44
100			24	59	13.64	74	49	55.08
101			24	59	30.92	74	49	50.27
102			24	59	27.01	74	48	57.22
103			24	58	56.11	74	48	21.11
104			24	58	27.72	74	48	23.12

IndiaCode

105			24	58	23.07	74	48	20.8
106			24	57	29.11	74	48	23.23
107			24	56	36.43	74	48	34.26
108			24	57	12.78	74	48	6.29
109			24	57	48.59	74	47	58.92
110			24	57	39.03	74	47	34.4
111	एम डी आर बस्सी-विजईपुर		24	57	25.42	74	47	31.1
112			24	57	23.27	74	47	25.99
113			24	57	31.28	74	47	9.64
114			24	58	32.86	74	47	3.88
115			24	59	4.19	74	47	0.07
116			24	59	54.38	74	47	10
117	विजईपुर तिराहा के निकट	पूर्व	25	0	39.54	74	47	8.54
118			25	0	43.14	74	47	22.44
119			25	1	0.02	74	47	32.41
120			25	1	11.34	74	47	38
121			25	1	20.85	74	48	1.29
122			25	1	22.46	74	48	30.63
123			25	1	47.25	74	48	50.72
124			25	1	56.88	74	49	7.42
125			25	2	7.01	74	49	14.43

सारणी ख: पारिस्थितिकी संवेदी जोन के मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

बिंदु सं.	अक्षांश (उ) (डीएमएस)			देशांतर (पू) (डीएमएस)		
1	25	6	38.51	74	52	31.26
2	25	6	35.43	74	52	40.26
3	25	6	29.69	74	52	44.29
4	25	6	22.3	74	52	46.64
5	25	6	16.44	74	52	51.82
6	25	6	14.71	74	53	1.24
7	25	6	21.52	74	53	21.94
7 I	25	6	13.69	74	53	28.71
7 II	25	6	3.48	74	53	31.81
8	25	6	3.57	74	53	34.35

8 I	25	6	2.57	74	53	44.12
8 II	25	6	4.44	74	53	50.79
8 III	25	5	59.49	74	53	59.75
9	25	6	19.49	74	54	4.13
10	25	6	10.12	74	54	45.15
11	25	6	10.32	74	54	56.76
12	25	6	21.36	74	55	26.51
13	25	6	29.13	74	55	53.82
14	25	6	14.89	74	56	31.93
15	25	5	47.19	74	57	2.23
16	25	5	41.21	74	56	59.6
17	25	5	7.66	74	57	12
18	25	4	51.17	74	57	3.53
19	25	4	34.51	74	56	47.23
20	25	4	22.23	74	56	37.85
21	25	4	1.06	74	56	37.66
22	25	3	36.42	74	56	29.7
23	25	2	54.41	74	56	20.78
24	25	2	49.8	74	56	22.72
25	25	2	35.18	74	56	6.63
26	25	2	23.56	74	55	46.77
27	25	2	6.9	74	55	39.45
28	25	1	47.79	74	55	31.32
29	25	1	48.78	74	55	22.12
30	25	1	42.03	74	55	18.44
31	25	1	26.63	74	55	24.42
32	25	1	22.5	74	55	28.76
33	25	1	0.53	74	55	29.83
34	25	0	28.81	74	55	40.64
35	25	0	15.25	74	55	45.49
36	25	0	13.38	74	55	29.22
37	24	59	57.61	74	55	26.49
38	24	59	53.99	74	55	26.39
39	24	59	51.63	74	55	27.76
40	24	59	50.15	74	55	31.22
41	24	59	36.67	74	55	32.37
42	24	59	36.05	74	55	34.09

IndiaCode

43	24	59	26.17	74	55	35.93
44	24	59	23.47	74	55	51.74
45	24	59	13.56	74	55	56.82
46	24	59	13.78	74	56	7.59
47	24	58	48.91	74	56	1.13
48	24	58	43.02	74	55	50.93
49	24	58	18.98	74	55	30.39
50	24	57	58.72	74	55	13.02
51	24	57	34.57	74	54	38.56
52	24	57	26.12	74	54	22.41
53	24	57	3.73	74	54	23.01
54	24	56	59.32	74	54	29.19
55	24	56	44.93	74	54	35.88
56	24	56	44.03	74	54	42.12
57	24	56	29.53	74	54	42.71
58	24	55	26.86	74	55	6.33
59	24	54	48.54	74	55	10.01
60	24	54	46.89	74	54	55.62
61	24	54	42.87	74	54	48.37
62	24	54	43.72	74	54	44.22
63	24	54	31.8	74	54	37.72
64	24	54	32.95	74	54	12.7
65	24	54	22.48	74	54	12.34
66	24	54	14.05	74	54	7.53
67	24	54	12.54	74	54	5.07
68	24	54	8.22	74	54	4.44
69	24	54	6.27	74	54	0.15
70	24	54	7.42	74	53	53.44
71	24	54	43.4	74	53	24.75
72	24	54	21.82	74	52	16.93
73	24	54	41.39	74	51	32.46
74	24	55	25.01	74	51	2.77
75	24	55	51.05	74	50	37.23
76	24	56	20.72	74	50	42.01
77	24	56	36.33	74	50	35.73
78	24	56	29.47	74	50	0.71
79	24	56	0.56	74	49	39.85

IndiaCode

80	24	55	35.39	74	48	43.91
81	24	55	50.47	74	47	48.86
82	24	56	24.1	74	47	42.4
83	24	57	14.72	74	47	36.78
84	24	57	23.41	74	47	7.49
85	24	57	56.7	74	47	2.76
86	24	58	33.24	74	47	3.17
87	24	58	39.83	74	46	53.84
88	25	0	19.49	74	47	3.61
89	25	0	41.56	74	46	57.1
90	25	1	25.45	74	47	32.45
91	25	1	46.29	74	48	41.47
92	25	1	52.2	74	48	45.51
93	25	2	8.15	74	49	14.45
94	25	2	41.52	74	50	22.42
95	25	3	36.32	74	50	52.95
96	25	4	2.98	74	50	33.25
97	25	4	33.76	74	50	41.85
98	25	5	17.6	74	51	1.44
99	25	5	22.67	74	51	6.44
100	25	5	31.59	74	51	29.32
101	25	5	53.11	74	51	44.01
102	25	6	12.36	74	52	0.21
103	25	6	26.3	74	52	9.71

IndiaCode

उपाबंध-IV

भू-निर्देशांको के साथ बस्सी वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची

क्र.सं	ग्राम का नाम	ग्राम के प्रकार	तहसील/तालुका	जिला	अक्षांश (उ) (डीएमएस प्रारूप)	देशांतर (पू) (डीएमएस प्रारूप)
1	परसोली (आंशिक)	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	24⁰ 6' 3.67''	74⁰53'40.87''
2	नाहरगड़	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25⁰05'17.57''	74⁰53'41.83''
3	गनेश गंज	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25⁰05'13.00''	74⁰53'50.01''
4	अमरपुरा	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	24⁰ 05'52.71''	74⁰54'45.54''
5	फतेपुरा	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25⁰ 05'20.00''	74⁰ 54' 12.20''
6	गंगापुर	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25⁰ 6'27.81''	74⁰55'26.79''
7	बिचोर (आंशिक)	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25⁰ 6'22.64''	74⁰56'7.76''
8	नाल (आंशिक)	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25⁰ 4'8.34''	74⁰56'18.29''
9	डेवरिया (आंशिक)	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25⁰ 03'3.80''	74⁰56'50.52''
10	मुरोली (आंशिक)	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25⁰ 2'54.34''	74⁰56'7.76''
11	सोपुरा	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25⁰ 1'17.34''	74⁰55'36.20''
12	घनश्यामपुरा (आंशिक)	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25⁰01'89.56''	74⁰55'27.88''
13	उमार का खाल (आंशिक)	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	24⁰59'42.34''	74⁰55'49.35''
14	खेरी अनुपपुरा	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	24⁰58'91.34''	74⁰54'60.09''
15	मजेरी	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	24⁰ 57' 30.10''	74⁰ 53' 27.10''
16	जवदीया नाया	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	24⁰57'06.55''	74⁰53'04.29''
17	जवदीया जुना	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	24⁰57'10.43''	74⁰53'48.07''
18	*कुंताली (एम. पी)* (आंशिक)	राजस्व	निमच (एम.पी)	निमच (एम.पी)	24⁰54'7.62''	74⁰54'29.92''
19	*माताजी का खेरा (एम.पी)*	राजस्व	निमच (एम.पी)	निमच (एम.पी)	24⁰56'44.88''	74⁰53'39.37''
20	*गवालीयर का कलान(एम.पी)* (आंशिक)	राजस्व	निमच (एम.पी)	निमच (एम.पी)	24⁰56'36.51''	74⁰51'48.97''
21	फुसरिया	राजस्व	चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़	24⁰58'73.85''	74⁰49'44.69''
22	मेवासा	राजस्व	चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़	25⁰0'1.38''	74⁰48'24.64''
23	केवदीया	राजस्व	चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़	24⁰59'90.50''	74⁰50'17.23''
24	सुरतसिंह का खेरा	राजस्व	चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़	24⁰58'51.92''	74⁰49'57.12''
25	गरोल	राजस्व	चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़	24⁰55'55.83''	74⁰49'6.76''
26	बंदा	राजस्व	चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़	24⁰57'12.42''	74⁰47'43.96''

IndiaCode

27	राजपुरिया	राजस्व	चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़	24°56'32.44	74°48'41.16''
28	देवदुगरी (आंशिक)	राजस्व	चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़	24°56'58.28''	74°48'64.89''
29	बावरी खेरा	राजस्व	चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़	24°57'15.71''	74°48'58.13''
30	भुंगरिया	राजस्व	चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़	24° 57'10.40''	74° 47'45.20''
31	काइलजार (आंशिक)	राजस्व	चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़	24°58'52.07''	74°47'7.52''
32	बस्सी (आंशिक)	राजस्व	चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़	25°1'48.49''	74°46'57.21''
33	पालका (आंशिक)	राजस्व	चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़	25°02'56.58'	74°47'38.71''
34	नया पालका	राजस्व	चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़	25°02'56.58'	74°48'38.71''
35	मेघपुरा (आंशिक)	राजस्व	चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़	24°02'36.77'	74°48'48.22''
36	गोपालपुरा (आंशिक)	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25°04'30.67'	74°50'50.90''
37	कंडालिया	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25°03'1.45''	74°51'40.62''
38	राईपुरिया	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25°03'13.45''	74°50'44.12''
39	चिनपुरिया	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25°04'59.19''	74°50'57.21''
40	नाया गाओ	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25°04' 14.48''	74°51' 14.62''
41	राजगढ़ सिंगारी (आंशिक)	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25°05'9.18''	74°51'23.32''
42	सुलतापुरा	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	24°04'0.14''	74°51'3.30''
43	देकरीखेरा	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25°4' 7.68''	74°51'34.14''
44	महेशारा	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25°38'59.94''	74°52'47.82''
45	उल्लुपुरा	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	24°52'10.03''	74°36'58.49''
46	बसोथा	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25°3'25.13''	74°54'22.54''
47	नथवाथो का खेरा	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	24°6'51.92''	74°52'57.21''
48	पात	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25°01'55.67''	74°51'52.04''
49	डेलवाद	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	24°59'19.47''	74°51'36.91''
50	उमरथुना	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	25°02'23.06''	74°53'58.58''
51	आमझारिया	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	24°59'19.47''	74°51'36.91''
52	सलारिया	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	24°59'14.21''	74°50'52.04''
53	निलिया का माल	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	24°59'19.47''	74°54'36.91''
54	भाचेरी	राजस्व	बैगून	चित्तौड़गढ़	24°59'76.59''	74°54'90.56''
55	बोबला कलान	राजस्व	चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़	24°57'1.65''	74°47'10.93''
56	बोबला खुर्द	राजस्व	चित्तौड़गढ़	चित्तौड़गढ़	24°58'49.86''	74°47'49.86''

IndiaCode

उपाबंध V

की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान:

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत: (कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का उल्लेख करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक उपाबंध में उपाबद्ध करें) ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना भी है।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सार (पारिस्थितिकी संवेदी जोन वार) । ब्यौरे उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाले क्रियाकलापों की संवीक्षा के मामलों का सार। (ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं)।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाले क्रियाकलापों की संवीक्षा के मामलों का सार । (ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं)।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सार ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

IndiaCode

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 8th, April, 2021

S.O. 1717(E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, vide notification of the Government of India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O 4008(E), dated the 4th November 2019, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, copies of the Gazette containing the said draft notification were made available to the public on the 6th November 2019;

AND WHEREAS, objections and suggestions were received from persons and stakeholders in response to the aforesaid draft notification were duly considered by the Central Government;

WHEREAS, Bassi Wildlife Sanctuary is spread over an area of 138.69 square kilometres and located in Chittorgarh and Begun Tehsil of Chittorgarh District in the State of Rajasthan;

AND WHEREAS, the revenue area inside the notified boundary of the Bassi Wildlife Sanctuary is not part of the Sanctuary as mentioned in the notification. The Orai river across which Orai and Bassi dams have been constructed passes through this Sanctuary. These dams provide excellent water facility to wild animals and birds. It harbours rich biodiversity with the habitation of various types of wild animals and birds. A variety of medicinal plants and herbs are found in this area. The religious places such as Jharia Mahadev, Tukra Mata and Jhaleshwar Mahadev attract large number of pilgrims;

